# मंत्री सिलावट और मंत्री पटेल ने दुर्घटना पीड़ितों के परिजन को दी सांत्वना

भोपाल (काप्र)।



**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राम खेलावन पटेल ने आज सीधी जिले के बस दुर्घटना स्थल पर पहुँचकर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया।**

मंत्रीद्वय ने दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और उन्हें सांत्वना दी। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि घटना बहुत ही दुखद तथा दुर्भाग्यपूर्ण है। दुर्घटना की उच्च-स्तरीय जाँच के आदेश दे दिये गये हैं। दुर्घटना पीड़ितों को हरसंभव सहायता दी जायेगी। दुख की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन पीड़ितों के साथ है। दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के अंतिम संस्कार के लिए जिला प्रशासन ने 10-10 हजार रूपये की सहायता राशि मृतकों के परिजनों को नगद दी। बस दुर्घटना की सूचना मिलते ही रीवा संभाग के कमिश्नर राजेश कुमार जैन, आईजी उमेश जोगा तथा डीआईजी अनिल सिंह कुशवाह तत्काल दुर्घटना घटना स्थल पर पहुँचे। उन्होंने राहत तथा बचाव कार्य की सतत निगरानी की। पुलिस, होमगार्ड तथा एनडीआरएफ की टीमों ने राहत एवं बचाव कार्य किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर बाणसागर नहर का पानी तत्काल रोका गया। क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बस को बाहर निकाला गया। राहत और बचाव दल ने दुर्घटना में मृत 47 व्यक्तियों के शव बरामद किये। दुर्घटना स्थल पर सांसद सीधी श्रीमती रीति पाठक, विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी एवं विधायक सिहावल तथा पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने राहत तथा बचाव कार्य की निगरानी की। मौके पर चिकित्सकों का दल भी निरंतर कार्यरत रहा।

## मरने वालों में ज्यादातर युवा, रेलवे की परीक्षा देने जा रहे थे सतना

**भोपाल( काप्र )।** सीधी जिले में नहर में गिरी जबलनाथ ट्रैवल्स की बस का ड्राइवर अगर रूट नहीं बदलता, तो शायद इतना बड़ा हादसा नहीं होता। छुहिया घाटी से होकर बस रोजाना सतना के लिए जाती थी। मंगलवार सुबह इस सड़क पर जाम लगा था। जल्दी पहुंचने के लिए ड्राइवर ने तय रूट बदला और नहर के रास्ते पर बस उतार दी। बताया जाता है कि सीधी से सतना के बीच चलने वाली बसें सुबह के समय अकसर खाली ही जाती हैं। मंगलवार को रेलवे और एनटीपीसी का एग्जाम था। रीवा और सतना में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस कारण बस में भीड़ भी थी। 32 सीटर बस में 54 लोगों में से ज्यादातर युवा सवार थे। ये लोग परीक्षा देने रीवा और सतना जा रहे थे। नेशनल हाईवे-39 स्थित छुहिया घाटी में जगह-जगह गड्ढे और पत्थर पड़े होने से हमेशा जाम की स्थिति रहती है। यहां घंटों जाम में वाहन फंसे रहते हैं। यही वजह थी कि ड्राइवर ने बस को जल्दी ले जाने के चक्कर में रूट बदल लिया। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शशांक सिंह ने कहा कि बस का परमिट नहीं था। फिर भी बेरोकटोक बस को दौड़ाया जा रहा था। ये लापरवाही सतना ऋझ्ह की है। सतना ऋझ्ह को निलंबित कर देना चाहिए। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल ने भी घटनास्थल पहुंचकर मृतकों के परिजन को ढांढस बंधाया। रीवा जोन आईजी उमेश जोगा, डीआईजी अनिल सिंह कुशवाह, एसपी सीधी पंकज कुमावत, एसपी रीवा राकेश सिंह, सीधी कलेक्टर समेत भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद हैं।

# स्वच्छता में कपड़ा मार्केट रहा अव्वल

## बोरवन क्लब ने किया कामयाबी के लिए सम्मान

भोपाल (हिनप्र)।



**भोपाल जिले में संतनगर कपड़ा मार्केट ने स्वच्छता में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस कामयाबी पर बोरवन क्लब ने के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया।**

आसवानी ने कहा कि संतनगर के लिए यह गौरव की बात है कि जिले में संतनगर के कपड़ा मार्केट को 100 में से 98 नंबर मिले हैं। स्वच्छ बाजार का प्रथम पुरस्कार के लिए संतनगर में 2015 से विधायक रामेश्वर शर्मा ने स्वच्छता अभियान की शुरूआत की थी, जिसके परिणाम सामने आने लगे हैं। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के उपाध्यक्ष राम बंसल रेनवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो 2015 में स्वच्छता को लेकर एक जन आंदोलन के रूप में शुरुआत की थी, उसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनप्रतिनिधियों और संगठन के नुमाइंदों को साथ लेकर जनआंदोलन की शुरूआत की थी। संतनगर जो स्वच्छता में 2015 में पिछड़ा माना जाता था आज सबसे आगे है। मंडल अध्यक्ष कमल विधानी ने भी विचर रखे। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी को कलेक्टर एवं कमिश्नर ने पुरस्कृत किया था। संतनगर की कपड़ा बाजार को प्रथम स्थान पर पुरस्कृत किया गया है। कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी एवं पदाधिकारियों इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी रवि कांत ओदिच्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश इसरानी, मंडल महामंत्री सूरज यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष हरीश बिनवानी, मंडल मंत्री शेट्टी चंदनानी, उमेश नागर, कपड़ा संघ से महेश गर्गए, अशोक आडवाणी, अनिल जैन एवं नीलकंठ वाधवानी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालनअमित कुंदानी आभार सुरेश टेहलियानी ने किया।

# मंत्री भदौरिया के भोज में परिवहन मंत्री के पहुंचने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

भोपाल(काप्र)।

**सीधी बस हादसे के बाद परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के भोज में शामिल होने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री केके मिश्रा ने राजपूत की एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें वह भदौरिया के निवास में भोजन करते दिखाई दे रहे हैं।**

जवाब में गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मैं सुबह से मुख्यमंत्री के साथ हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहा था। मंत्री भदौरिया ने बसंत पंचमी पर भोज रखा था, लेकिन यह सादा कार्यक्रम था। जहां मेरे अलावा कई मंत्री पहुंचे थे। मैं वहां कुछ देर ही रुक कर दाल-रोटी खाकर वापस आ गया था। कांग्रेस के आरोप पर उन्होंने कहा, जो लोग हादसे के बहाने राजनीति करते हैं, मैँ उनकी निंदा करता हूं। बस हादसे में 47 लोगों की मौत होने पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 10 हजार हितग्राहियों के आवासों का लोकापर्ण कार्यक्रम रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे होने वाली कैबिनेट की बैठक को स्थगित कर दिया था। हालांकि देर शाम औपचारिक बैठक मंत्रालय में हुई। कांग्रेस ने सवाल इसलिए भी उठाए, क्योंकि हादसे का सीधे तौर पर वास्ता परिवहन मंत्री का है। वह मंगलवार को भोपाल में ही मौजूद रहे, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और राज्य मंत्री राम खिलेवान पटेल को घटना स्थल पर भेजा था। हालांकि राजपूत इस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल हुए थे। सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया का भोज पूर्व निर्धारित था, जिसमें सभी मंत्रियों को बुलाया गया था। इसमें मंत्री मोहन यादव, हरदीप सिंह डंग, ओमप्रकाश सकलेचा, ऊषा ठाकुर के अलावा प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री सुहास भगत भी भोज में शामिल हुए थे, लेकिन कांग्रेस ने परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को सीधी बस हादसे के लिए नैतिक रूप से जिम्मेदार मानते हुए भोज में शामिल होने पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस के सवालों पर परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की प्रतिक्रिया लेने के लिए कई बार संपर्क किया, लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो पाए।

## मैरिज हॉल में लगी आग, दूसरी मंजिल पर फंसे 35 लोगों को रस्सी और साड़ी के सहारे बचाया

**भोपाल ( काप्र )।** शहर के कोहेफिजा इलाके में एक मैरिज हॉल की बिल्डिंग में आग लग गई। बिल्डिंग में नीचे पार्टी चल रही थी और पहली मंजिल पर खाना बन रहा था। इसी दौरान सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। दूसरी मंजिल पर फंसे 35 लोगों को स्थानीय लोगों ने रस्सी और सा?ी के सहारे नीचे उतारा। इससे कोई जनहानि नहीं हुई। किचन का पूरा सामान जल गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 7 गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया।दमकल कर्मी आतिम खान ने बताया कि कोहेफिजा में होंडा शोरूम के बगल में स्थित ऑर्चिड मैरिज हॉल में मंगलवार शाम को रिसेप्शन चल रहा था। पहली मंजिल पर किचन था। शाम करीब 7 बजे किचन में सिलेंडर ब्लॉस्ट से आग लग गई। दूसरी मंजिल पर लोग फंसे हुए थे। बिल्डिंग से कुल 35 लोगों को बाहर निकाला गया। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि दमकल की गा?ियां देरी से पहुंची। इसके पहले ही लोगों को रस्सी और साड़ी के सहारे नीचे उतारा गया।

# हे शारदे मां, हे शारदे मां, विद्या का वरदान दे मां

हिरदाराम नगर।



**वसंत पंचमी पर संतनगर के स्कूलों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। बच्चों ने विद्या का वरदान दे गाकर मां सरस्वती से विद्या का आशीर्वाद मांगा।**

साधु वासवानी स्कूल में मां सरस्वती की पूजा वसंत पंचमी पर की। विद्यार्थियों ने द्वारा मां सरस्वती के सामने हल्दी, कुमकुम,आरती व पुष्प अर्पित किए। छात्रा नीलम ने तेरी वीणा की बन जाऊं तार ऐसा दें मां मुझको वरदान जय मां सरस्वती की वंदना की गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कि कहा कि जो मां सरस्वती की साधना करता है उसे ज्ञान का प्रकाश मिलता है। आज के दिन यह संकल्प लें कि प्रतिदिन मां सरस्वती की पूजा करेंगे ताकि हमें मां सरस्वती से सद्बुद्धि व ज्ञान प्राप्त हो। छात्रा राखी नागवानी, गुंजन परियानी, मुस्कान ने अपने विचार रखे। प्राचार्य आनंद वर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं ने संयुक्त रूप से वसंबल पंचमी एवं निराला जयंती मनाई। मां सरस्वती की पूजा की गई और महाकवि निराला को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना की और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सहायक प्राध्यापिका डॉ.दिव्या वर्मा ने ऋतुराज वसंत कविता का पाठ किया। सभा के अध्यक्ष वासदेव वाधवानी एवं महासचिव राजेश हिंगोरानी ने भी वसंत पंचमी के महत्व और महाकवि निराला क साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डाला। नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक विद्यालय में सरस्वती का प्राकट्य दिवस वसंत पंचमी मनाया गया। संस्था के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव एसी साधवानी, प्राचार्य अमृता मोटवानी एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित मां सरस्वती से विद्या का वरदान मांगा। छात्रा ने ऑनलाइन प्रस्तुति दी। बसंत पंचमी पर संस्कार विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गय। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, चन्दर नागदेव, आर.के. मिश्रा व शाला परिवार ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। वासवानी ने कहा कि वे अपनी पढ़ाई में सफल होने के लक्ष्य के लिए दृढ़ संकल्प लें।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष

### बाणसागर नहर ...

कई गाड़ियां छुहिया घाटी से पहले बगवार गांव से होते हुए जा रही हैं। बस के ड्राइवर ने भी जाम से बचने के लिए रूट बदला था। ड्राइवर बस को लेकर सीधी से चुरहट और रामपुर नैकिन तक लेकर आया। फिर उसने बस को बगवार गांव में मोड़ दिया। यहां से बस सरदा गांव पहुंची। इस गांव से जो रास्ता सतना की ओर जाता है, उसके साथ-साथ नहर चलती है। यहां एक जगह आकर रास्ता संकरा हो जाता है। चश्मदीदों ने बताया कि बस का पिछला टायर नहर की ढलान की ओर जाने लगा। ड्राइवर ने ब्रेक लगाने की कोशिश की, लेकिन ब्रेक लगे नहीं और बस बेकाबू होकर नहर में जा गिरी। सतना में रजिस्टर्ड यह बस जबलानाथ परिहार ट्रेवल्स से जुड़ी हुई थी। जिस नहर में हादसा हुआ, उसमें बाणसागर जलाशय से पानी छोड़ा जाता है। हादसे के वक्त यहां पानी का बहाव ज्यादा था। इस वजह से यात्रियों को बचने का मौका नहीं मिला। माना जा रहा है कि तेज बहाव के कारण यात्री घटनास्थल से काफी दूर बह गए होंगे। जब रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची तो बस पूरी तरह 22 फीट गहरी नहर में डूबी हुई थी। 40 किलोमीटर दूर मौजूद बांध जलाशय से पानी का बहाव रुकवा कर उसे सिहावल नहर में डाइवर्ट किया गया, तब बाणसागर नहर में पानी कम हुआ। इसके बाद गोताखोर नहर में उतरे और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। हादसे के करीब चार घंटे बाद 11:45 बजे क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला गया। बाणसागर नहर से निकाले गए 47 शवों में से 42 की पहचान कर ली गई है।

### प्रदेश सरकार ने ...

संपन्न करने वाले थे। लेकिन सीधी में यात्रियों से भरी बस नहर में गिरने की दुखद सूचना मिली है।'' उन्होंने कहा कि राहत और बचाव के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। हम सबको सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रहे हैं। आप भी सबके सकुशल होने की प्रार्थना कीजिए। चौहान ने कहा कि हम आज के इस गृह-प्रवेश कार्यक्रम को स्थगित करते हैं। इसे किसी और दिन करेंगे। यह कार्यक्रम भोपाल स्थित मिन्टो हॉल में मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू होना था और शाह को गृह-प्रवेशम कार्यक्रम में लाभार्थियों के लिए नवीन आवासों का ऑनलाइन लोकार्पण करना था। इसके अलावा, इस मौके पर शाह और मुख्यमंत्री चौहान आवास के लाभार्थियों से संवाद भी करने वाले थे। चौहान ने कहा कि इस बस हादसे के कारण मंगलवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक भी स्थगित कर दी गई है। इससे पहले, मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट किया, ''सीधी में सतना जा रही बस के नहर में गिरने से हुए हादसे में कई अनमोल जिंदगियों के काल कवलित होने के समाचार से बहुत दुख हुआ। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने और लापता लोगों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि मैंने सीधी के जिलाधिकारी से दुर्घटना के मामले में बात कर बचाव अभियान तेज करने के निर्देश दिये हैं। चौहान ने कहा कि नहर के जलस्तर को कम करने के लिए बाणसागर की ओर से आने वाले पानी को भी रोक दिया गया है। मौके पर मध्यप्रदेश राज्य राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और प्रशासन की टीम मौजूद है। मैं लगातार अधिकारियों के संपर्क में हूं।

### सीधी और निवाड़ी ...

प्रत्येक घायल व्यक्ति को 50 हजार रूपए की सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घायल व्यक्तियों का हरसंभव इलाज राज्य शासन द्वारा कराया जाएगा। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि मृत व्यक्तियों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था पूरी संवेदनशीलता के साथ की जाए।मुख्यमंत्री ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन आरंभ कर दिया गया था। तीन जिलों के कलेक्टर, एस.पी., प्रशासनिक अमला, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तत्काल सक्रिय हुईं। क्रेन, हाइड्रा और एंबुलेंस, डॉक्टर सहित राहत एवं सहायता के सभी आवश्यक संसाधन मौके पर लगातार सक्रिय रहे। भोपाल से भी स्थिति का निरंतर समन्वय किया जाता रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुर्घटना को देखते हुए आज आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के गृह प्रवेशम कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही रैस्क्यू ऑपरेशन पूर्ण होने तक आज की कैबिनेट बैठक को भी आगे बढ़ाया गया।

### नए कृषि सुधारों ...

नए कानूनों के लागू होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में इस बार पिछले साल की तुलना में दोगुना धान खरीदा गया। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को दिक्कत ना हो, इसलिए उन्हें हर संभव मदद दी गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के करीब 2.5 करोड़ किसानों के बैंक खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से रुपये जमा किए जा चुके हैं और राज्य में बेहतर होती आधारभूत सुविधाओं का सीधा लाभ किसानों, गरीबों, ग्रामीणों को हो रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर छोटे किसान जिसके पास बहुत कम जमीन होती है, वे इन योजनाओं के सबसे ज्यादा लाभार्थी हैं। कृषि उत्पादक संघों के गठन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक या दो बीघा जमीन वाले करीब 500 किसान परिवार, जब संगठित होकर बाजार में उतरेंगे तो वे बड़े किसानों से भी ज्यादा ताकतवर होंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देश के कई स्वतंत्रता सेनानियों को उचित सम्मान ना देने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि महाराजा सुहेलदेव के साथ भी यही प्रयास किया गया।

### पुडुचेरी में कांग्रेस...

विधानसभा का चुनाव अप्रैल में होने की उम्मीद है क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 21 जून 2021 को समाप्त हो रहा है। कांग्रेस विधायक के इस्तीफे का घटनाक्रम पार्टी नेता राहुल गांधी के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने आने के एक दिन पहले हुआ है। कुमार के इस्तीफा के बाद मंगलवार को विधानसभा में कांग्रेस के 10, द्रमुक के तीन, ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के सात, अन्नाद्रमुक के चार, भाजपा के तीन (सभी नामांकित एवं मत देने का अधिकार रखते हैं) और एक निर्दलीय विधायक रह गया है। कांग्रेस के चार विधायकों ने इस्तीफा दिया है जबकि एक विधायक को अयोग्य ठहराया गया है। कुमार ने कहा कि मैंने पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया है। मैं इसकी चिट्ठी पुडुचेरी कांग्रेस समिति अध्यक्ष ए सुब्रमण्यम को भेज रहा हूं। नारायणसामी के विश्वासपात्र माने जाने वाले कुमार वर्ष 2019 में ही कामराज सीट से उपचुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि संभव है कि कुमार भाजपा में शामिल हों, क्योंकि माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने जिस तरह से तृणमूल नेताओं के पार्टी में शामिल कराया है उसी को वह पुडुचेरी में दोहराएगी, हालांकि, यहां पर यह बड़े पैमाने पर नहीं होगा।

### कांग्रेस ने पेट्रोल...

कमाई की है। मई 2014 में अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल थी और दिल्ली में पेट्रोल 71.51 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 57.28 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था। उन्होंने कहा कि 1 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 54.41 डॉलर प्रति बैरल थी और फिर भी आज, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 89.29 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 79.70 रुपये प्रति लीटर है। पिछले छह वर्षों में अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के रूप में मोदी टैक्स को पेट्रोल व डीजल के लिए क्रमश: बढ़ाकर प्रति लीटर 23.78 रुपये और डीजल पर 28.37 रुपये कर दिया गया है। यह डीजल पर प्रति लीटर 820 प्रतिशत और पेट्रोल पर 258 प्रतिशत की वृद्धि है। खेड़ा ने कहा कि हम किसी भी क्षेत्र में सरकार के 20 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का परिणाम नहीं देख रहे हैं, चाहे वह कृषि क्षेत्र हो, एमएसएमई हो, या सरकारी कर्मचारी या कोई अन्य क्षेत्र हो। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के इकोसिस्टम ने हमेशा लोगों को भावनात्मक रूप से अपने कब्जे में रखने की कोशिश की है। खेड़ा ने कहा कि वे कौन सी भावनाएं हैं जिनके माध्यम से वे भारत को व्यस्त रखने की कोशिश करते हैं? क्रोध! घृणा! डर! उनकी रणनीति अनुमान लगाने योग्य है, इन भावनाओं को उत्पन्न करो और खलनायक बनाओ। इसके लिए, वे पौराणिक कथाओं से, इतिहास के अपने संस्करण से, वैश्विक आयोजनों से उधार लेंगे, जिसका हमारे साथ कुछ भी लेना-देना नहीं है। वे खलनायक बनाते रहेंगे, जिनके खिलाफ हमारी सामूहिक भावनाओं को निर्देशित किया जा सकता है।

### पत्रकार राजदीप...

से अनुरोध किया गया है। अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने 17 सितंबर 2020 को सरदेसाई के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया था। याचिका में कहा गया है कि मौजूदा अवमानना याचिका देश के संविधान के अनुच्छेद 129 के तहत याचिकाकर्ता द्वारा प्रतिवादी के खिलाफ दायर की जा रही है। यह याचिका इस न्यायालय द्वारा पारित प्रत्येक आदेश पर टिप्पणियों को लेकर है जिससे देश के नागरिकों के मन में उच्चतम न्यायालय की छवि खराब होती है। संविधान के अनुच्छेद 129 के अनुसार सुप्रीम कोर्ट रिकॉर्ड न्यायालय होगा और उसको अवमानना के लिये दंड देने की शक्ति सहित ऐसे न्यायालय की सभी शक्तियां होंगी। याचिका में कहा गया है कि सर्वोच्च अदालत ने अतीत में विभिन्न ऐतिहासिक फैसले पारित किए हैं और कथित प्रतिवादी ने प्रत्येक फैसले पर विभिन्न अपमानजनक टिप्पणियां की हैं और अदालत की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। याचिका में अधिवक्ता प्रशांत भूषण पर अदालत की अवमानना के लिए एक रुपये का जुर्माना लगाने के न्यायालय के फैसले के संबंध में सरदेसाई द्वारा 31 अगस्त, 2020 को किए गए ट्वीट का हवाला दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण पर भी अवमानना का ऐसा ही केस चल चुका है, जिसमें दोषी ठहराया गया था।

### दिशा की गिरफ्तारी...

भेदभाव नहीं करता। उन्होंने कहा कि दिशा रवि को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है और मामले की जांच जारी है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को आरोप लगाया था कि रवि और मुम्बई की वकील निकिता जैकब और पुणे के इंजीनियर शांतनु ने 'टूलकिट' तैयार की और दूसरों के साथ इसे साझा करके भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की। पुलिस ने दावा किया है कि रवि के 'टेलीग्राम' अकाउंट से डेटा भी हटाया गया है। जैकब और शांतनु के खिलाफ भी गैर-जमानती वारंट जारी किया गया है।

### पुलिस ने 'जूम'...

में जानकारी मांगी है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में हुई हिंसा से कुछ दिन पहले 'जूम' एप पर आयोजित बैठक में मुम्बई की वकील निकिता जैकब और पुणे के इंजीनियर शांतनु सहित 70 लोगों ने हिस्सा लिया था।इस हिंसा में 500 से अधिक पुलिस कर्मी घायल हो गए थे और एक प्रदर्शनकारी की मौत हुई थी। अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने वीडियो कॉन्फ्रें के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एप 'जूम' को पत्र लिख, 11 जनवरी को ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए लोगों के संबंध में जानकारी मांगी है।

# डीएपी के बेटे पर हमले का मामलाः दो लोग हिरासत में

भोपाल (काप्र)।

**डीएपी गोरेलाल अहिरवार के घर पेट्रोल बम से किया गया हमला हत्या के मामले में गवाही नहीं देने के लिए किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि डीएपी की हत्या में बेटे और बहू मुख्य गवाह हैं। आरोपी चाहते हैं कि दोनों गवाही नहीं दें।**

पुलिस ने क्षेत्र के 136 सीसीटीवी की जांच के बाद आरोपियों की पहचान कर ली है। साथ ही, दो आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया है। गौरतलब है, गोरेलाल अहिरवार भोपाल में सीआईडी शाखा में बतौर डीएपी पदस्थ थे। शनिवार त?के दो आरोपियों ने संगम गार्डन कॉलोनी में स्थित उनका मकान है। यहां डीएपी का बेटा संतोष चौधरी (42) जनरल फिजिशियन हैं। वे यहां पत्नी रेखा के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया, शनिवार सुबह करीब 3 बजे किसी ने पेट्रोल छि?ककर घर के पोर्च में खड़ी बाइक को आग लगा दी थी। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। अगले दिन रविवार सुबह दोबारा घर पहुंचे और कार में तोड़फोड़ की। टीटी नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। दो साल पहले डीएपी गोरेलाल अहिरवार की हत्या कर दी गई थी। मामले में संतोष चौधरी और उनकी पत्नी रेखा मुख्य गवाह हैं। हाल में इसी मामले में कोर्ट में पेशी होनी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी चाहते हैं कि दोनों गवाह नहीं दें। दहशत फैलाने के लिए हमला किया गया था। मामले में पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 50 ठिकानों पर रेड भी मारी। पता चला है कि आरोपियों को पनाह देने वाले दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपियों की भी जल्दी गिरफ्तारी हो सकती है। आरोपियों ने सागर में भी पेट्रोल बम फेंके थे।

## विक्रमादित्य महोत्सव- सिंधी गीतों और हास्य की रहेगी धूम

**भोपाल ( हिनप्र )।** राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सव परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर विक्रमादित्य महोत्सव समिति की बैठक समिति अध्यक्ष किशोर तेजवानी की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में हुई। बैठक में तय किया गया कि 19 से 22 मार्च तक चार दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन वरिष्ठ समाज सेवी प्रमुमल तेजवानी की स्मृति में सिंधी भक्ति गीत संगीत का आयोजन होगा। इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत रूप से 20 मार्च को होगी, जिसमें रात 8 बजे से जाने माने सिंधी गायिक एवं हास्य कलाकार परमानंद प्यासी सिंधी म्यूजिक पार्टी प्रोग्राम पेश करेंगे। दूसरे दिन थांवरदास एण्ड पार्टी का सिंधी की परम्परागत भगत का कार्यक्रम होगा। बैठक में राजा वीर विक्रमादित्य मंदिर के विस्तार पर भी विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर किशोर तेजवानी ने आयोजन की अब तक की तस्वीर पर विस्तार से रोशनी डाली। यह भी बताया कि विक्रमादित्य महोत्सव समिति द्वारा प्रतिमाह गरीबों को मुफ्त राशन, गरीब कन्याओं के विवाह में आर्थिक मदद सहित अन्य सामाजिक कार्य भी किए जा रहे हैं।

## समाज के लिए कुछ करने का जज्बा जरूरी

**हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट ने मानवीय मूल्यों एवं मेडिटेशनश पर कार्यशाला का आयोजन किया। हार्ट फुलनेस इंस्टिट्यूट हैदराबाद के पास स्थित एक अलाभकारी संस्था है, जो विश्व के सौ से अधिक देशो में सामाजिक चेतना, मेडिटेशन एवं व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते है। पांच दिवसीय कार्यशाला में अलग अलग सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित ट्रेनर्स एवं स्पीकर्स ने छात्राओं को स्वयं का लक्ष्य तय करने तथा समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा दी, अपने जीवन में जो कुछ भी हैए उसमे से सर्वश्रेष्ठ को चयन करने के तरीके भी बताये, कार्यशाला में बीएचईएल से प्रभाकर दास, रिटायर्ड एजीएम डीएन शुक्ला, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, विद्युत मंडल, भोपालए आरके श्रीवास्तव रिटायर्ड एसडीओ वन विभाग, रागिनी माथुर, रिटायर्ड सुपरिन्टेन्डेन्ट, डीआर एम भोपाल एवं मनोज पाठक डायरेक्टर बापू ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूटशंस ने अपने अनुभवों को साझा किया।

**कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा, म.प्र.**

क्रमांक/889/स्था/नर्सिंग/अ.बि.वा.जी.एम.सी./2021 विदिशा, दिनांक 12.02.21

**( विज्ञप्ति)**

मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञापन क्रमांक 690/स्था/अराज/2018 भोपाल दिनांक 09/08/2018 एवं संचालनालय चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश का पत्र क्रं. 1301-15/स्था/अराज/2020 भोपाल दिनांक 29/09/2020 द्वारा मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के शैक्षणिक आदर्श नियम 2018 के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा एवं संबद्ध चिकित्सालय में रिक्त स्वशासी स्टाफ नर्सों के पदों की पूर्ति की जाना है इस हेतु आवेदन पत्र स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा में 26/02/2021 तक आमंत्रित किये जाते है। उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा की बेवसाईट www.gmcvidisha.org पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र आवेदन शुल्क अनारक्षित श्रेणी हेतु 1000/- रुपये तथा आरक्षित श्रेणी (अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि. व.) हेतु 800/- रूपये आवेदक आवेदन पत्र हेतु निम्नानुसार अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के खाते में जमा कर मूल रसीद आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें :-

Accounts Details:A/C Holder: Dean Atal Bihari Vajpayee Govt. Medical College Vidisha Bank Name: State Bank Of India, Account Number: 37776231545 IFSC CODE : SBIN0030075

आवेदक पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा कराएं जा सकते है, किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**कार्यालय अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा, म.प्र.**

जी-19040/20